<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12.08.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड में पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत एक महीने में 2 लाख 22 हजार 69 लाभार्थियों को मिली स्वीकृति, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा–मोदी सरकार जनता की जरूरतों पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध।
- झारखंड समेत देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा, खूंटी, गिरिडीह और चतरा में हर घर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, शहीदों के बलिदान और राष्ट्रप्रेम को किया गया नमन।
- रामगढ़ के नेमरा में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिवंगत शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि, जल–जंगल–जमीन के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को किया याद।
- लोहरदगा में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक, आरक्षण पात्रता, प्रमाण–पत्र, भूमि म्यूटेशन और आपदा पीड़ितों को मुआवजे के दिए गए निर्देश।
- हजारीबाग के बड़कागांव में बादम कोल खनन परियोजना पर ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों और पुलिस में झड़प, इलाके में तनाव के बीच स्थिति नियंत्रण में।

******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि झारखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत एक महीने में 2 लाख 22 हजार उनहत्तर लाभार्थियों को आवास की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान उन्होंने यह आग्रह किया था। श्री सेठ ने कहा कि मोदी सरकार झारखंड की जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत नई दिल्ली में आज तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और हजारों लोग शामिल हुए। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है।

******************

खूंटी में वीर सैनिकों और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, भाजपा कार्यकर्ता और स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए तथा भारत माता की जय और वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा शहीदों की वीरता और देशप्रेम को जन–जन तक पहुंचाने का अवसर है।

******************

गिरिडीह में तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों और नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। बेंगाबाद के छोटकी खरगडीहा में पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर चतरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल ने आज तिरंगा यात्रा निकाली।

******************

रामगढ़ के नेमरा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिवंगत शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि गुरु जी का जीवन संघर्षमय रहा और उन्होंने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बड़ी राजनीतिक विरासत सौंपी है, जिसे आगे बढ़ाना उनकी जिम्मेदारी है।

******************

लोहरदगा में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण की पात्रता, डोर–टू–डोर सर्वे

रिपोर्ट, जाति एवं नन–क्रीमी लेयर प्रमाण–पत्र, भूमि मोटेशन और आपदा से हुए नुकसान के मामलों की समीक्षा कर त्वरित निपटारे के निर्देश दिए गए। साथ ही हाथियों, आग और सर्पदंश से हुई क्षति के पीड़ितों को अधिकतम मुआवजा दिलाने तथा इसकी जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही शिक्षा, कल्याण, पशुपालन, मत्स्य और मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए।

******************

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में बादम कोल खनन परियोजना को लेकर आयोजित ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों और पुलिस पदाधिकारियों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कई लोग घायल हुए। बैठक के दौरान असामाजिक तत्वों ने अचानक पथराव किया, जिससे वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है और स्थिति नियंत्रण में है।

******************

चाईबासा में रोमन कैथोलिक चर्च में 'हो' समाज का हेरोः पर्व मनाए जाने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने शहर में पैदल मार्च किया। इस अवसर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा के सचिव गब्बर सिंह हेंब्रम ने कहा कि यह आदिवासी संस्कृति पर आक्रमण और समाज का अपमान है, जिसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

साउंड बाइट–गब्बर सिंह ऑन होरो पर्व–29 सेकेंड

******************

लातेहार उपायुक्त ने शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

मौसम विभाग ने कल रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, गिरिडीह, देवघर, दुमका, चाईबासा और गुमला सहित कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में अगले 24 घंटों में बदलाव की संभावना नहीं है।

******************

आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 में झारखंड ने फाइनल में हरियाणा को 2–1 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष खिताब जीता। स्वीटी डुंगडुंग और शांति कुमारी ने झारखंड के लिए गोल दागे, जबकि हरियाणा ने एकमात्र गोल 52वें मिनट में किया। इस वर्ष झारखंड महिला हॉकी टीम सीनियर, सब जूनियर और जूनियर तीनों वर्गों में चैंपियन बनी है।

*******समाप्त********